## मुझे अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन के बारे में और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, education.vic.gov.au पर जाकर Early Start Kindergarten की सर्च (खोज) करें, या अपने क्षेत्रीय Department of Education and Training कार्यालय से संपर्क करें।

## क्षेत्रीय कार्यालय के संपर्क

| क्षेत्रीय कार्यालय | स्थान |
|---|---|
| North-eastern Victoria<br>**1300 333 231** | Benalla<br>Wodonga<br>Wangaratta<br>Seymour<br>Shepparton<br>Glen Waverley |
| North-western Victoria<br>**1300 338 691** | Bendigo<br>Mildura<br>Swan Hill<br>Coburg<br>Greensborough |
| South-eastern Victoria<br>**1300 338 738** | Moe<br>Leongatha<br>Warragul<br>Sale<br>Cheltenham<br>Frankston<br>Dandenong |
| South-western Victoria<br>**1300 333 232** | Ararat<br>Ballarat<br>Geelong<br>Horsham<br>Warrnambool<br>Footscray<br>Keilor |

Department of Education and Training द्वारा प्रकाशित
मेलबोर्न अप्रैल 2021 (संशोधित)
© विक्टोरिया राज्य

KINDERGARTEN
Victorian Government Approved

21-052

THE EDUCATION STATE

VICTORIA State Government | Education and Training

Hindi | हिन्दी

# अर्ली स्टार्ट किंडरगार्टन



## किंडरगार्टन क्यों महत्वपूर्ण है?

किंडरगार्टन पर, बच्चे मुख्य कौशल सीखते हैं, जिनमें रचनात्मक सोच-विचार, सामाजिक और भावनात्मक कौशल, तथा शुरूआती साक्षरता और भाषाई कौशल शामिल है। अनुसंधान दर्शाता है कि एक साल की किंडरगार्टन की बजाए दो साल की किंडरगार्टन बेहतर होती है और यह बच्चों को स्कूल और जीवन में सफल होने के लिए तैयार करती है।

## अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन क्या होता है?

अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन योग्य तीन वर्ष की आयु के बच्चों को अधिकतम 15 घंटे की नि:शुल्क या कम लागत पर किंडरगार्टन सेवा उपलब्ध कराता है जहाँ कार्यक्रम किसी योग्य शिक्षक/शिक्षिका द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

विक्टोरियाई सरकार तीन-वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए वित्त-पोषित किंडरगार्टन की शुरूआत कर रही है – प्रति सप्ताह पांच घंटो से। इसकी शुरूआत किए जाने के दौरान, अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन प्रति सप्ताह 15 घंटे का वित्त-पोषित किंडरगार्टन प्रदान करना जारी रखेगा।

अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन की फंडिंग के लिए आवेदन आपकी ओर से सेवा द्वारा की जा रही हैं और इसके लिए ग्रांट (अनुदान) का भुगतान सीधे सेवा को किया जाता है।

## क्या मेरा बच्चा/मेरी बच्ची इसके लिए योग्य है?

आपका बच्चा/आपकी बच्ची उस स्थिति में पात्र होगा/होगी यदि जिस वर्ष वह किंडरगार्टन जाना शुरू करेंगे उस वर्ष 30 अप्रैल तक उनकी आयु तीन वर्ष की हो जाती है, और वे निम्नलिखित किसी एक मानदण्ड को पूरा करता/करती है:

- रिफ़्यूज़ी या असाइलम सीकर (शरणार्थी) पृष्ठभूमि से है
- एबोरिजनल (मूलनिवासी) या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी के तौर पर पहचान की जाती है
- आपके परिवार का संपर्क Child Protection (बाल संरक्षण) के साथ हुआ है।





## मैं अपने बच्चे/अपनी बच्ची का नामांकन कैसे कराऊँ?

आप अपने नजदीकी किंडरगार्टन सेवा या अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करके और अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन सेवा प्राप्त करने का निवेदन करके अपने बच्चे/अपनी बच्ची का नामांकन करा सकते/सकती हैं। वैकल्पिक तौर पर, आपकी सहायता करने वाला कोई पेशेवर, जिसमें आपका Child FIRST या Child Protection (बाल संरक्षण) कर्मचारी, मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य नर्स, द्विसांस्कृतिक कर्मचारी या समर्थित प्लेग्रुप समन्वयक शामिल है, आपकी ओर से ऐसा कर सकता है। आपके नजदीकी Department of Education and Training कार्यालय में आपकी Early Childhood Implementation शाखा, Koorie Engagement Support Officer (KESO) या Early Childhood Learning Adviser आवेदन करने में आपकी सहायता कर सकता है।

## क्या मेरे बच्चे/मेरी बच्ची को चार वर्ष की आयु वाले किंडरगार्टन में भी जाना चाहिए?

हाँ, स्कूल जाना शुरू करने से पिछले साल का किंडरगार्टन कार्यक्रम आपके बच्चे/आपकी बच्ची द्वारा तीन साल की आयु में अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन द्वारा विकसित क्षमताओं का आगे विकास करेगा।

जिन बच्चों ने अर्ली स्टॉर्ट किंडरगार्टन की सेवा प्राप्त की है या जो इसके लिए पात्र हैं, वे भी किसी वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम में प्रति सप्ताह 15 घंटे के नि:शुल्क या कम लागत की चार वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए किंडरगार्टन की सेवा के पात्र होते हैं। वित्त-पोषित किंडरगार्टन सेवा में नामांकित सभी एबोरिजनल और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी बच्चे प्रति सप्ताह 15 घंटे की नि:शुल्क या कम लागत की किंडरगार्टन सेवा के लिए पात्र होते हैं।

जितना जल्दी संभव हो सके अपने बच्चे/अपनी बच्ची को चार वर्ष की आयु वाले किंडरगार्टन में नामांकित कराने की कोशिश करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके बच्चे/आपकी बच्ची को स्थान मिल जाता है क्योंकि आपके पसंदीदा किंडरगार्टन में स्थान मिल जाने की गारंटी नहीं होती है।